Walmart

# सत्यनिष्ठा है भरोसे का आधार

हमारी आचार संहिता

# विषय-सूची



हमारे **CEO** का संदेश **4**

हमारे मूल्य और हमारी संहिता **6**

हमारी संहिता का उपयोग कैसे करें **8**

- हमारी अपनी संहिता क्यों हैं 9
- हमारी संहिता के अंतर्गत कौन आते हैं 9
- कब अपनी बात रखें 10
- अपनी बात कैसे रखें 10
- प्रतिशोध के किसी भय के बिना अपनी बात रखें 11

सत्यनिष्ठा है भरोसे का आधार **12**

आप हैं भरोसा की बुनियाद **14**

- नैतिकतापूर्ण निर्णय लें 15
- हितों के टकराव की पहचान करें और इससे बचें 16

हमारे सहयोगियों के साथ भरोसा बढ़ाएँ **20**

- कार्य करने और खरीदारी के लिए सुरक्षित स्थान का निर्माण करें 21
- एक-दूसरे का सम्मान करें 22
- सही तरीके से काम करें 24

हमारे ग्राहकों के साथ भरोसा बढ़ाएँ **26**


- सुरक्षित खाद्य पदार्थ और उत्पाद बेचें 27
- पर्यावरण को संरक्षित करें 28
- उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्यसेवा प्रदान करें 29

हमारे व्यापार में भरोसा बढ़ाएँ **30**

- न्यायोचित प्रतिस्पर्धा करें 31
- कभी रिश्वत लेने या देने में संलिप्त न रहें 32
- सटीक रिकॉर्ड रखें 34
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का पालन करें 35
- धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) और उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी को रोकें 36
- डेटा और तकनीक का सम्मानपूर्वक और नैतिकतापूर्वक उपयोग करें 38
- जिम्मेदारी से सोर्सिंग करें 39
- हमारी संपत्ति की रक्षा करें 40
- अंदरूनी जानकारी का दुरुपयोग न करें 41

संसाधन **42**

# हमारे CEO का संदेश



लगभग छह दशक पहले हमने एक ऐसी कंपनी बनने की योजना बनाई थी जो लोगों के समय और धन की बचत करे और उन्हें अपने जीवन को बेहतर बनाने में मदद करे। उस शुरुआती समय में हमारे पास यह जानने का कोई तरीका नहीं था कि हमें अपने व्यापार के पैमाने का उपयोग करके महत्वपूर्ण योगदान करने के लिए कितना बड़ा अवसर प्राप्त होगा। जैसे-जैसे हमारे चारों ओर दुनिया लगातार बदल रही है—जोकि हमारी स्थापना के समय की तुलना में कहीं ज्यादा तेज गति से हो रहा है—हम केवल सामंजस्य बिठाने और बढ़ने तक ही नहीं बल्कि नेतृत्व करने की अपनी प्रतिबद्धता की दोबारा पुष्टि करते हैं।

हम हर दिन स्वयं को याद दिलाते हैं कि हमारा काम केवल उपलब्धि प्राप्त करने तक सीमित नहीं है बल्कि हम इसे कैसे प्राप्त करते हैं इस पर भी विचार करना है। व्यापार करने का हमारा तरीका हमारे द्वारा बेचे जाने वाले उत्पाद और सेवा की आपूर्ति की ही तरह समान रूप से महत्वपूर्ण है। इसका अर्थ है हम जहाँ व्यापार करते हैं वहाँ के समुदायों के कानूनों का हमें अनुपालन करना है। परंतु यह पर्याप्त नहीं है। वॉलमार्ट में काम करने वाले सहयोगियों से अपेक्षा की जाती है कि वे हमारे मूल्यों के अनुसार काम करें। हमारी अपेक्षा है कि आप जो कुछ करें उसे निष्पक्षता, समानता, न्याय और सत्यनिष्ठा के आधार पर करें। इस तरह कार्य करने से, हम में से प्रत्येक व्यक्ति हमारी संस्कृति और भरोसे के निर्माण में तथा एक कंपनी के रूप में हमारे उद्देश्य और संभाव्यता को सफलतापूर्वक पाने में अपना सक्रिय योगदान देगा।

हमारी आचार संहिता इस बात को दर्शाती है कि हमारे लिए क्या महत्वपूर्ण है। यह हम सब पर लागू होता है—मुझपर, बोर्ड के सदस्य और अधिकारी तथा वॉलमार्ट के सभी कर्मचारियों पर भी लागू होता है। हम अपने व्यापारिक भागीदारों से भी अपेक्षा करते हैं कि वे हमारे मूल्यों का सम्मान करें और इन उच्च मानदंडों पर खरा उतरें। जो सहयोगी और भागीदार इन मूल्यों को साझा नहीं करते हैं वे वॉलमार्ट के साथ नहीं हैं।

कृपया हमारी संहिता को पढ़ें। अक्सर इसका संदर्भ लें। ईमानदार, सही निर्णय लेने में और हमारे आचार-व्यवहार पर लागू होने वाले कानून और नीतियों का अनुपालन करने में इसे आपका मार्गदर्शन करने दें। इसके मूल में एक सरल दिशा-निर्देश है: सही कार्य करें और जब आपको कोई शिकायत हो या आप कुछ गलत देखें तो खुलकर बोलें।


अपनी भूमिका निभाने के लिए आपका धन्यवाद।

Doug

डग मैकमिलन **(Doug McMillon)**
अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी **(CEO)**
वॉलमार्ट इंक.



# हमारे मूल्य और हमारी संहिता



# हमारे मूल्य

अपने ग्राहकों, समुदायों, सहयोगियों और व्यापारिक भागीदारों का भरोसा हमारे लिए प्रतिस्पर्धात्मक लाभ है। यह महत्वपूर्ण है कि हम अपने आचरण के बारे में विचार करें और सुनिश्चित करें कि हम एक ऐसी संस्कृति का सृजन कर रहें हैं जो परस्पर भरोसे का निर्माण करती है। सैम वाल्टन ने मूल्य-प्रेरित कंपनी की स्थापना की थी जो आज चार केंद्रीय मूल्यों: सम्मान, सेवा, उत्कृष्टता, और सत्यनिष्ठा के लिए प्रतिष्ठापित हो चुकी है। ये मूल्य असामयिक हैं। जब हमारे आचरण उन चारों मूल्यों के अनुसार होते हैं, तो हम भरोसा बढ़ाते हैं, अपनी टीम के लिए सही वातावरण बनाते हैं, और सफलता हासिल करते हैं।

## व्यक्ति के लिए सम्मान

हम लोगों के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार करते हैं, उदाहरण से नेतृत्व करते हैं, और एक-दूसरे की बातों को सुनते हैं। हम लोगों में विचारों और अनुभवों में अंतर तलाशते हैं और उसे अपनाते हैं।

## ग्राहकों की सेवा

हम ग्राहकों को सबसे आगे रखते हैं, उनकी इच्छाओं और जरूरतों का पूर्वानुमान लगाते हैं, और उनकी उम्मीद से अधिक करते हैं।

## उत्कृष्टता के लिए प्रयास करें

हम उच्च प्रदर्शन करने वाली एक टीम हैं और अपनी अपने आप से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की अपेक्षा रखते हैं। हम अपने कार्य और परिणाम की जिम्मेदारी लेते हैं।


## सत्यनिष्ठा के साथ कार्य

हम ईमानदार, निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठ हैं। हम अपनी चिंताओं के विषय़ पर बात करते हैं और सभी कानून एवं नीतियों का अनुपालन करते हैं।

लगातार हमारे उद्देश्य और मूल्यों के अनुसार कार्य करने के लिए इस बात की आवश्यकता होती है कि सत्यनिष्ठा की संस्कृति हमारे सारे निर्णयों का मार्गदर्शन करे। हम सही तरीके से व्यापार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी संहिता इस बात को परिलक्षित करती है कि एक कंपनी के रूप में हम क्या हैं और यह प्रदर्शित करता है कि सत्यनिष्ठा की अपनी संस्कृति को हम अपने दैनिक कार्य में कैसे जीवंत करते हैं। सत्यनिष्ठा है भरोसा का आधार यही कारण है कि हमारे सहयोगी, ग्राहक, निवेशक, आपूर्तिकर्ता और व्यापारिक भागीदार वॉलमार्ट का चयन करते हैं—वे जानते हैं कि हम ऐसा व्यापार करते हैं जिस पर वे भरोसा कर सकते हैं।

> "...कठिन परिश्रम, सत्यनिष्ठा और इस प्रतिबद्धता का कोई विकल्प नहीं है जब हम इस दुनिया में आए हैं इसे पहले से कुछ बेहतर जगह बनाने की निष्ठा की जाएँ।"
> - सैम वाल्टन, संस्थापक, वॉलमार्ट इंक.

# हमारी संहिता का उपयोग कैसे करें



# हमारी अपनी संहिता क्यों हैं

वॉलमार्ट एक रिटेल कंपनी है—साथ ही यह लॉजिटिक्स, हेल्थकेयर, विनिर्माण, रियल इस्टेट और प्रौद्योगिकी की कंपनी भी है। हम लगातार बदल रहे हैं। हम हर दिन कई निर्णय लेते हैं और क्या करना है यह बात हमेशा स्पष्ट नहीं रहती है। हमारी संहिता ऐसे निर्णय लेने में मदद कर सकती है जो भरोसा दिलाते हैं और बढ़ाते हैं। हम एक-दूसरे से जिस व्यवहार की अपेक्षा रखते हैं, यह उसके बारे में बताती है और इसके बारे में कि हमें अधिक जानकारी या सहायता कहां से मिल सकता है। हमारी संहिता उन व्यवहारों पर ध्यान देती है जो:



हमारे सहयोगियों
के साथ भरोसा बढ़ाएँ



हमारे ग्राहकों
के साथ भरोसा बढ़ाएँ



हमारे व्यापार
में भरोसा बढ़ाएँ

हमारी संहिता इस बात को बल प्रदान करती है कि वॉलमार्ट जिस क्षेत्र में काम करता है वहाँ के नियमों और कानूनों का अनुपालन करता है। क्योंकि हम एक ऐसी अमेरिकी कंपनी हैं जो विश्व भर में काम करती है, दुनियाभर के हमारे सहयोगियों पर अक्सर अतिरिक्त कानूनी आवश्यकताएँ लागू होती हैं जिसमें अमेरिकी कानून भी शामिल हैं। जब स्थानीय कानून और सामान्य प्रथाएँ बहुत सख्त नहीं हो तो भी हमारी संहिता वहाँ लागू होती है। अगर आपको लगता है कि हमारी संहिता स्थानीय कानून के साथ टकराती है तो ऐसी परिस्थिति में क्या किया जाए इसकी जानकारी और दिशा-निर्देश प्राप्त करने के लिए हमारे विधिक विभाग (Legal) से संपर्क करें।

# हमारी संहिता के अंतर्गत कौन आते हैं

हमारी संहिता वॉलमार्ट के सभी सहयोगियों और इसकी अनुषंगी इकाईयों पर लागू होती है। यह वॉलमार्ट और इसकी अनुषंगी इकाईयों के बोर्ड सदस्यों पर भी लागू होती है जब वे हमारे निर्देशक की हैसियत से कार्य कर रहे होते हैं। हमारी संहिता को कई भाषाओं में अनुवादित किया गया है ताकि हमारे सहयोगी इसे आसानी से समझ सकें। वॉलमार्ट अपने आचार संहिता में रूपांतरण कर सकता है जब हम स्वयं में कोई बदलाव करते हैं या किसी नई समस्या का सामना करते हैं। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं, वेंडर, सेवा प्रदाताओं और अन्य व्यापारिक भागीदारों से निष्ठा से कार्य करने की और हमारे मूल्यों को सम्मान की दृष्टि से देखने की अपेक्षा रखते हैं। इन तीसरे पक्षों के लिए विशेष आवश्यकताएँ आपूर्तिकर्ताओं के लिए मानक और/ या उनके साथ हमारे अनुबंधों में शामिल हैं।

ऐसे सहयोगी जो हमारी संहिता का उल्लंघन करेंगे वे अनुशासनात्मक कार्रवाई के पात्र होंगे जिसमें बर्खास्तगी तक शामिल है।

दुर्लभ मामलों में हमारी संहिता के अंतर्गत छूट देना उपयुक्त हो सकता है। छूट का अनुरोध करने के लिए नैतिकता एवं अनुपालन विभाग (Ethics & Compliance) से अग्रिम तौर पर उस गतिविधि से पूर्व संपर्क करें जिसके लिए आप छूट चाहते हैं। जब कार्यकारी अधिकारी या निदेशक छूट की इच्छा करते हैं तो केवल वॉलमार्ट का निदेशक मंडल (या बोर्ड की एक समिति) उन्हें यह प्रदान कर सकता है और कानून द्वारा आवश्यक होने पर सार्वजनिक रूप से उनका खुलासा किया जाएगा।

# कब अपनी बात रखें

भरोसे के निर्माण के लिए जरूरी है कि हम सही कार्य करें और जब हमारी कोई शिकायत या चिंताएँ हों तो इन्हें व्यक्त करें। अगर आपको सही चीज करने का पता नहीं है तो अपने प्रबंधक, अपने पीपल लीड (People Lead), या नैतिकता एवं अनुपालन विभाग से सलाह लें। सही कार्रवाई के विषय में नैतिकता एवं अनुपालन आपको अपनी राय उपलब्ध करा सकता है। आपकी बात सामने वाले तक पहुंचाएँ और उसका उत्तर प्राप्त करें।

अगर आप देखते हैं, आपको संदेह होता है या आपको बताया जाता है किसी ऐसी गतिविधि के बारे में जिससे हमारी संहिता, अनुपालन नीतियों, आपूर्तिकर्ताओं के लिए मानक, या कानून का उल्लंघन होता है, तो आपको इसकी रिपोर्ट अवश्य करनी चाहिए। उस तरफ से नजरें चुरा लेना या किसी और पर जिम्मेदारी डाल देना आसान प्रतीत हो सकता है लेकिन अनैतिक या गैर-कानूनी आचरण हम सभी को आहत करता है। यह भरोसे को तोड़ता है। अपनी चिंताओं की सूचना दें और सभी आंतरिक अन्वेषणों में पूरी तरह से एवं सत्यनिष्ठा से सहयोग करें।

# अपनी बात कैसे रखें

ज्यादातर चिंताओं को अपने प्रबंधक, पीपल लीड, नैतिकता एवं अनुपालन या विधिक विभाग के पास प्रस्तुत किया जा सकता है।

हालांकि अगर आपकी चिंता निम्नलिखित में से किसी एक बात को लेकर है तो इसकी सूचना तुरंत वैश्विक नैतिकता एवं अनुपालन विभाग **(Global Ethics & Compliance)** को सीधे तौर पर दी जानी चाहिए:

- रिश्वतखोरी (हमारी भ्रष्टाचार विरोधी अनुपालन नीति के संदेहास्पद उल्लंघन सहित)
- कंपनी अधिकारी या किसी कंपनी मुख्य कार्यकारी अधिकारी **(CEO)** का प्रत्यक्ष अधीनस्थ हमारी संहिता का संभवतः उल्लंघन कर रहा हो
- वित्तीय रिकॉर्ड को झूठा बताना या सटीक वित्तीय रिपोर्टिंग पर हमारे आतंरिक नियंत्रणों में हस्तक्षेप करना

वैश्विक या स्थानीय नीतियां अतिरिक्त मामले का संकेत दे सकती हैं जिन्हें सीधे नैतिकता एवं अनुपालन विभाग को रिपोर्ट किया जाना चाहिए।

नैतिकता एवं अनुपालन को दी गई सभी रिपोर्ट को यथासंभव गोपनीय रखा जाएगा। यदि आप स्वयं की पहचान बताते हैं तो आगे की कार्यवाही में यह सहायक होता है। अगर आप स्वयं की पहचान उजागर करने में असहज हैं तो आप नैतिकता हेल्पलाइन को कानून के तहत उचित स्तर तक बेनामी रिपोर्ट कर सकते हैं।

## संपर्क करने के तरीके

अपने प्रबंधक, अगले स्तर के प्रबंधक, पीपल लीड, नैतिकता एवं अनुपालन या विधिक से बात करें।

www.walmartethics.com

ethics@walmart.com

अमेरिका, कनाडा और प्यूर्टो रिको में **800-963-8442 (1-800-WM-ETHIC)** पर, या स्थानीय नंबर पर जोकि हमारी संहिता में सूचीबद्ध है। नैतिकता हेल्पलाइन दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध है और अधिकांश क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है।

**Walmart Inc.**
Attention: Global Ethics & Compliance, 702 SW 8th Street, Bentonville, AR 72716-0860

# प्रतिशोध के किसी भय के बिना अपनी बात रखें

वॉलमार्ट किसी चिंताजनक मामले की रिपोर्टिंग या किसी अन्वेषण में भागीदारी करने पर प्रतिशोधात्मक आचरण को बर्दाश्त नहीं करता है। अगर कोई भी सहयोगी प्रतिशोधात्मक आचरण में संलग्न पाए जाते हैं तो वे अनुशासनात्मक कार्रवाई के पात्र होंगे। अगर आपको महसूस होता है कि किसी चिंताजनक मामले की रिपोर्टिंग करने के विरुद्ध आपके खिलाफ प्रतिशोधात्मक व्यवहार किया गया है तो अपने पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन से संपर्क करें।

हम जानते हैं कि अपने चिंताओं को लेकर आगे आना और उसे साझा करना साहस का काम है। सहयोगियों को किसी अनैतिकता की सूचना देने से हतोत्साहित करना वर्जित है और इसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है। जब हम गलत चीजों के विरुद्ध कुछ बोलते हैं तो हम अपने मूल्यों और संहिता को बनाए रखते हैं। सही मंशा से किसी समस्या की रिपोर्ट करना आपको परेशानी में नहीं डालेगा, चाहे आपने कोई ईमानदार भूल की हो। जानबूझकर गलत सूचना देना हमारे मूल्यों के विपरीत है और यह अनुशासनात्मक कार्रवाई के अंतर्गत आएगा।

हम दुर्व्यवहार की रिपोर्ट का उचित अन्वेषण करते हैं। हम केवले जानने की आवश्यकता के आधार पर ही जानकारी साझा करते हैं। अगर आपको किसी अन्वेषण में शामिल होने के लिए कहा जाता है तो ईमानदार और संपूर्ण उत्तर दें



# सत्यनिष्ठा है भरोसे का आधार

## आप हैं भरोसा की बुनियाद




पृष्ठ 14-19

## हमारे सहयोगियों के साथ भरोसा बढ़ाएँ




पृष्ठ 20-25

## हमारे ग्राहकों के साथ भरोसा बढ़ाएँ



पृष्ठ 26-29

## हमारे व्यापार में भरोसा बढ़ाएँ



पृष्ठ 30-41


Walmart
FRANCISCO
Customer Serv Mgr

# आप हैं भरोसा की बुनियाद



# नैतिकतापूर्ण निर्णय लें

जब हम अपने मूल्यों के अनुरूप निर्णय लेते हैं और अपने कार्यों की जिम्मेदारी लेते हैं तो हम भरोसे को बढ़ावा देते हैं। नैतिक होने का अर्थ है कि जब निगरानी नहीं की जा रही हो तब भी सही आचरण करना।

## काम में सत्यनिष्ठा

- कानून का पालन करें। आपकी भूमिका और हमारे व्यापार पर लागू होने वाले कानूनों को जानें।
- हमारी संहिता को समझें और हमारे मूल्यों का पालन करें। हमारी संहिता की समीक्षा करें और समझें कि यह और हमारी नीतियां आपके कार्य पर किस प्रकार लागू होती हैं। हमारी संहिता से संबंधित प्रशिक्षण को सहयोगी जरूर पूरा करें और इस बात की पुष्टि करें कि उन्होंने इसे पढ़कर समझ लिया है।
- वॉलमार्ट के सर्वाधिक हित में कार्य करें। व्यक्तिगत हितों को कभी भी उन निर्णयों के रास्ते में न आने दें जो आप वॉलमार्ट के सहयोगी के रूप में लेते हैं।
- ईमानदार रहे। पारदर्शी बनें और ऐसे निर्णय लें जो हमारे मूल्यों को दर्शाते हों।
- उदाहरण से नेतृत्व करें। हमारी संहिता और मूल्यों के बारे में अपने साथी सहयोगियों और टीम सदस्य के साथ बात करें।
- जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें। अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन, या विधिक को इसके बारे में जानकारी दें।

“अपनी प्रतिष्ठा से समझौता नहीं करें। यह एक मूल्यवान चीज है। अपनी सत्यनिष्ठा से समझौता नहीं करें... अच्छा नाम कमाएँ।”

- सैम वाल्टन, संस्थापक, वॉलमार्ट इंक.

## कोई कार्य करने से पहले, ये प्रश्न पूछें

- क्या यह कानून संगत है?
- क्या यह हमारे मूल्य और संहित के साथ मेल खाता है?
- क्या यह वॉलमार्ट के श्रेष्ठ हित में है?

अगर इनमें से किसी का उत्तर “नहीं” है, तो इसे नहीं करें। अगर आप उत्तर के प्रति निश्चित नहीं हैं तो अपने प्रबंधक, पीपल लीड, नैतिकता एवं अनुपालन या लीगल से मार्गदर्शन के लिए संपर्क करें।

## प्रबंधकों की भूमिका

नेता का यह कर्त्तव्य है कि वह सत्यनिष्ठा और भरोसा को बढ़ावा दें। अगर आप नेतृत्व या अन्यों की निगरानी कर रहे हैं तो वॉलमार्ट आप से निम्नलिखित बातों की अपेक्षा की जाती है:

1. ऐसी अपेक्षा तय करें जो हमारे मूल्यों के साथ मेल खाती हो, प्रश्न और शिकायतों को यथोचित रूप से निपटें और समस्या की रिपोर्ट नीति के अनुरूप करें।
2. सलाह मांगने वाले या चिंता जताने वाले सहयोगियों को सुनें।
3. दुर्व्यवहार की रिपोर्ट को गंभीरता से लें और सुनिश्चित करें कि उससे सही ढंग से निपटा गया है।
4. उत्पीड़न, धमकी, प्रतिशोध के विरुद्ध दृढ़ता से खड़े रहें।

# हितों के टकराव की पहचान करें और इससे बचें

उचित और वस्तुनिष्ठ निर्णय हमारे सहयोगियों, ग्राहकों और तीसरे पक्षों के साथ भरोसा बढ़ाता है। जब व्यापार से संबंधित निर्णय करते हैं तो हम व्यक्तिगत हित के आगे वॉलमार्ट के हित को रखते हैं। जब वॉलमार्ट में हमारे कार्यों में व्यक्तिगत हित का हस्तक्षेप होता है या हस्तक्षेप करते प्रतीत होते हों तो हितों के टकराव की स्थिति उत्पन्न होती है। हालांकि हम हर स्थिति की सूची नहीं बना सकते, परंतु उन सामान्य परिस्थितियों के बारे में जानना और उनसे बचना महत्वपूर्ण है जिनसे कोई टकराव पैदा हो सकता है या वैसी धारणा बन सकती है। इस रोजगार के इतर कोई अन्य रोजगार, वित्तीय निवेश, उपहार और मनोरंजन और व्यक्तिगत संबंध ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ टकराव उत्पन्न हो सकता है।

अगर आप महसूस करते हैं कि कोई गतिविधि या परिस्थिति आपके वस्तुनिष्ठ कारोबारी निर्णय में हस्तक्षेप कर सकती है तो अपने प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसकी जानकारी दें। वे आपको किसी टकराव के बचने या इसके समाधान में मदद कर सकते हैं।

## बाहर का रोजगार और व्यापारिक हित

- जब आप प्रबंधन सहयोगी या वेतन-भोगी सहयोगी के रूप में कार्यरत हों तो किसी प्रतिस्पर्धी कंपनी के लिए काम नहीं करें।
- अपने किसी साइड व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए आपकी वॉलमार्ट की भूमिका का उपयोग न करें। वॉलमार्ट में आपका साइड व्यापार आपके कार्य के साथ कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता या वॉलमार्ट के संसाधन का उपयोग नहीं कर सकता, जिसमें आपका एसोसिएट डिस्काउंट कार्ड भी शामिल है। यह वॉलमार्ट को उत्पादों की आपूर्ति नहीं कर सकता है, किसी भी वर्तमान या संभावित वॉलमार्ट आपूर्तिकर्ता को उत्पादों की आपूर्ति नहीं कर सकता है जिनके साथ आपके व्यापारिक संबंध या प्रभाव हैं, वॉलमार्ट के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता, न ही वॉलमार्ट पर नकारात्मक छवि डाले।
- वॉलमार्ट के लिए कार्य करते समय, आप ऐसे किसी व्यापार या निवेश अवसर की पहचान कर सकते हैं जिसमें वॉलमार्ट की दिलचस्पी हो। उन अवसरों को अपना न समझें जिन्हें आपने अपने पद के द्वारा या वॉलमार्ट की संपत्ति या जानकारी के उपयोग से जाना हो।

हितों के टकराव की वैश्विक नीति

### इसके बारे में विचार करें

ये सब सवाल तब पूछें जब आप इस बात को लेकर अनिश्चित हों कि क्या कोई स्थिति किसी टकराव या टकराव की धारणा पैदा कर सकती है:

1. क्या यह मेरे निर्णयों की वस्तुनिष्ठता या विवेक को प्रभावित कर सकता है?
2. क्या यह किसी अन्य को टकराव के समान लग सकता है?

अगर इनमें से किसी भी सवाल का जवाब "हाँ" हो या आप जवाब के प्रति निश्चित नहीं हों, तो अपने प्रबंधक, पीपल लीड, नैतिकता एवं अनुपालन से सलाह के लिए संपर्क करें।



## वित्तीय निवेश

- वॉलमार्ट के आपूर्तिकर्ता में कोई निवेश नहीं करें अगर आप उस आपूर्तिकर्ता के साथ वॉलमार्ट के संबंध को प्रभावित कर सकते हों।
- किसी प्रतिस्पर्धी के साथ कोई महत्वपूर्ण हित न जुड़ा हो (उदाहरण के लिए स्टॉक स्वामित्व)। विशिष्ट प्रतिबंधनों के बारे में वैश्विक हित टकराव की नीति का संदर्भ लें

## उपहार और मनोरंजन

- अगर आप आपूर्तिकर्ता के साथ कार्य कर रहे हों या वॉलमार्ट की भूमिका करते हुए उनके साथ काम कर सकते हों तो उपहार और मनोरंजन को अस्वीकार करें। जिस आपूर्तिकर्ता के साथ आप काम करते हों उससे कोई लाभ को स्वीकार करना टकराव पैदा कर सकता है और व्यापार की लागत को बढ़ा सकता है।
- नए आपूर्तिकर्ता को उपहार और मनोरंजन की हमारी नीति से अवगत कराएँ। हम जिस देश में कार्य करते हैं वहाँ तौर-तरीके भिन्न हो सकते हैं परंतु हमारी उपहार और मनोरंजन की नीति हर जगह लागू होती है जहाँ हम व्यापार करते हैं।
- किसी भी सरकारी अधिकारी से उपहार और मनोरंजन लेने से इनकार करें।
- अक्सर हम मर्केंडाइज के नमूने को जांचते हैं ताकि हम उस उत्पाद और व्यापार को बेहतर तरीके से समझ सकें जिसकी हम खरीदारी कर सकते हों। यह तब तक टकराव नहीं है जब तक हम नमूनाकरण को तार्किक रूप से सीमित दायरे में रखते हों। नमूनाकरण और उत्पादों की जांच के संदर्भ में हमारी स्थानीय नीति का अनुपालन करें।

**जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।**
अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।



## क्या मित्रता हितों का टकराव पैदा कर सकती है?

हाँ, अगर आपकी नजदीकी मित्रता की गहराई आपके वस्तुनिष्ठ निर्णय करने की क्षमता को प्रभावित करते हों। एक नजदीकी मित्रता इस बात से नहीं होती कि केवल कुछ सामुदायिक गतिविधियों में हिस्सेदारी हो। एक ही प्रार्थना या पूजाघर जाने, एक ही खेलकूद टीम में बच्चे के शामिल होने, या एक ही मोहल्ले में रहने से यह स्थापित नहीं होता कि आप आपस में नजदीकी मित्र हैं। आपके लिए स्वयं इस बात को तय करना कठिन हो सकता है कि आपकी नजदीकी मित्रता आपकी वस्तुनिष्ठता को प्रभावित कर सकती है या नहीं।

अपने प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन से इस बारे में बात करें कि अगर नजदीकी व्यक्तिगत मित्र शामिल हो तो व्यापारिक स्थिति को कैसे संभालें।

# सहयोगी संबंध

## परिवार

पारिवारिक सदस्यों का पर्यवेक्षण न करें न ही उनकी नियुक्ति में प्रत्यक्ष शामिल हों। किसी पारिवारिक सदस्य के रोजगार की शर्तों (उदाहरण के लिए वेतनमान, कार्य के घंटे, या कार्य जिम्मेदारी) या प्रदर्शन मूल्यांकन को प्रभावित नहीं करें। कुछ दुर्लभ परिस्थितयों में, कंपनी पारिवारिक सदस्यों को समान रिपोर्टिंग चेन में कार्य करने की अनुमति देती है अगर उनके बीच पर्याप्त दूरी हो। किसी स्टोर, क्लब या वितरण केंद्र में पर्याप्त दूरी होने की संभावना नहीं होती है। अगर आपको पता चलता है कि आपके परिवार के किसी सदस्य को रोजगार के लिए चुना गया है या आपकी रिपोर्टिंग चेन में उनकी नियुक्ति की गई है, तो आपको इसकी जानकारी अपने प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को देनी चाहिए।

- जन्म, गोद लेने, शादी, घरेलू भागीदारी, या सिविल यूनियन द्वारा कोई रिश्तेदार (पति/पत्नी, बच्चे, माता-पिता, भाई-बहन, दादा-दादी/नाना-नानी, या पोता-पोती) पारिवारिक सदस्य होता है, साथ ही आपकी निकटतम घरेलू इकाई का कोई भी सदस्य, भले ही वे आपके रिश्ते में नहीं हों।

## रोमांटिक

अगर कोई सहयोगी आपकी चेन ऑफ कमांड्स में हो या आपके पास सहयोगी के रोजगार या प्रदर्शन रेटिंग पर प्रभाव डालने की क्षमता हो तो उनसे रोमांटिक संबंध नहीं बनाएँ। अगर कोई सहयोगी ऐसा हो जिसके साथ आपका पूर्व से ही रोमांटिक संबंध हो और सांगठनिक संरचना में बदलाव होने के कारण वे आपकी निगरानी के अंतर्गत आते हों तो आपको अविलंब अपने प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसका खुलासा करना चाहिए।

- कोई भी रोमांटिक साथी वह व्यक्ति होते हैं जिसके साथ आप डेटिंग कर या जिसके साथ आपका यौन संबंध हो।

हितों के टकराव की वैश्विक नीति

## आपूर्तिकर्ता संबंध

- अगर कोई व्यक्तिगत दोस्त, पारिवारिक सदस्य, या रोमांटिक साथी किसी आपूर्तिकर्ता के लिए काम करते हों जिन पर आपका प्रभाव हो तो इसे अपने प्रबंधक, पीपल लीड, या नैतिकता एवं अनुपालन के सम्मुख खुलासा करें ताकि आपको संभावित टकराव को संभालने के बार में सलाह मिल सके।
- एक सप्लायर के चयन में भाग लेने से पहले जो आपके परिवार के सदस्य, करीबी निजी दोस्त, या रोमांटिक साथी को नियुक्त करता है, संभावित टकराव को संभालने के तरीके के बारे में सलाह लेने के लिए अपने प्रबंधक, पीपल लीड, या नैतिकता एवं अनुपालन के सम्मुख इस संबंध का खुलासा करें।

### क्या हो अगर?

मैं एक वित्त सेवा में काम करता/करती हूँ, और मुझे एक मित्र से जन्म दिन का उपहार प्राप्त हुआ है जोकि खिलौने का आपूर्तिकर्ता भी है। क्या मैं उपहार रख सकता/सकती हूँ?

हाँ। आपकी नौकरी में, इस आपूर्तिकर्ता के साथ वॉलमार्ट के व्यावसायिक संबंधों पर आपका कोई प्रभाव नहीं है। अगर आप ऐसी भूमिका में हैं जहाँ आपूर्तिकर्ता के साथ वॉलमार्ट के संबंध पर आपका कोई प्रभाव हो तो अपने प्रबंधक, पीपल लीड, नैतिकता एवं अनुपालन से बात करें और इस पर सलाह लें कि स्थिति से कैसे निपटें।

कई वॉलमार्ट तिजारती आपूर्तिकर्ता के साथ एक ही मोहल्ले में रहता/रहती हूँ। मैं मर्चनडाइजिंग में काम करता/करती हूँ। मेरे मोहल्ले में कई ब्लॉक पार्टी होती हैं जहाँ पूरी स्ट्रीट को आमंत्रित किया जाता है। क्या इसमें मेरी भागीदारी एक टकराव है?

नहीं, इसमें आपकी भागीदारी कोई टकराव का विषय नहीं है। आप पड़ोसी के सामान्य सामाजिक आयोजनों में भाग ले सकते हैं लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि अन्य लोग आपके प्रभाव में रहने वाले आपूर्तिकर्ता के साथ आपके सामाजिक मेलजोल को किस प्रकार लेते हैं।



# हमारे सहयोगियों के साथ भरोसा बढ़ाएँ



# कार्य करने और खरीदारी के लिए सुरक्षित स्थान का निर्माण करें

वॉलमार्ट को कार्य करने और खरीदारी के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाने से सहयोगी और ग्राहकों के साथ भरोसा बढ़ाता है—और यह सही कार्य है। अगर आप कोई ऐसी चीज देखते हैं जो किसी के स्वास्थ्य को खतरे में डाल सकती हो तो तुरंत इसकी सूचना दें एवं स्वयं के साथ अन्य को सुरक्षित करने के लिए कदम उठाएँ।

## काम में सत्यनिष्ठा

- अगर परिस्थिति असुरक्षित हो तो टास्क बंद कर दें और इस चिंताजनक मामले की सूचना दें। ऐसे खतरों का ध्यान रखें जो आपको और अन्य को नुकसान पहुंचा सकते हों।
- नशे के प्रभाव के अधीन कार्य नहीं करें। शराब और ड्रग्स का अनुचित उपयोग आपके कार्य को प्रभावित कर सकता है और आपके आसपास के लोगों की सुरक्षा को प्रभावित कर सकता है।
- स्वयं की सुरक्षा करें। यथोचित सुरक्षा गियर का उपयोग करें और सभी प्रशिक्षण और प्रक्रियाओं का पालन करें। किसी तरह की चोट लगने पर या आपातकालीन स्थिति में क्या करना चाहिए इसकी जानकारी रखें।
- मशीनरी के प्रचालन के समय सावधान रहें। अगर प्रशिक्षित नहीं हो, उपयुक्त सुरक्षा गियर और सभी तरह की सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रक्रियाओं का अनुपालन नहीं हो तो मशीनरी और उपकरण का प्रचालन नहीं करें।
- सुरक्षित ड्राइविंग की आवश्यक्ताओं का अनुपालन करें। सड़क पर अन्य लोगों के प्रति चिंता दिखाएँ। सुरक्षित पहुंचना जल्दी पहुँचने से अधिक महत्वपूर्ण है।
- हिंसा और धमकियों के लिए शून्य सहनशीलता। तत्काल संबंधित आचरण की सूचना वेतनभोगी प्रबंधक या अपने सुरक्षा प्रबंधक/ संपत्ति सुरक्षा प्रबंधक को दें।
- स्वास्थ्य और सुरक्षा कानून और हमारी नीतियों का पालन करें। आपकी भूमिका पर लागू होने वाली स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रक्रियाओं को जाने और इनका अनुपालन करें।

वैश्विक पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीति

### क्या हो अगर?

पीछे के कमरे बक्सों से भरे हैं कई पैदल रास्ते बंद हैं। यह सुरक्षित प्रतीत नहीं होता लेकिन मेरे विभाग प्रबंधक ने कहा कि इसके बारे में चिंता नहीं करें। मुझे क्या करना चाहिए?

सुरक्षा खतरा की उपेक्षा ठीक नहीं है, तब भी जब आपके प्रबंधक कहते हों कि इसके बारे में चिंता नहीं करें। अपनी चिंता के बारे में अन्य प्रबंधक से बात करें या अपने पीपल लीड से बात करें। आपके द्वारा की गई चर्चा के बावजूद अगर आपको सुरक्षा का कोई मुद्दा महसूस होता है तो नैतिकता एवं अनुपालन विभाग से संपर्क करें।

### जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।

अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।

# एक-दूसरे का सम्मान करें

व्यक्ति के लिए सम्मान के मूल्य का पालन करने की शुरुआत विविधता और समावेशन के महत्त्व को समझने से होती है। हमारा मानना है कि अलग-अलग पृष्ठभूमि, शैली, अनुभव, पहचान और विचारों वाले सहयोगी होने से हमारी कंपनी एक बेहतर कंपनी बनती है। समावेशन एक स्वैच्छिक कार्य है—यह व्यक्तियों की विशिष्टता को समझने, उसे सहायता करने और चैंपियन बनाने के लिए समय और ऊर्जा का निवेश करना है। विविधता और समावेशन व्यक्ति की अभिव्यक्ति, सृजनशीलता, नवाचार और उपलब्धि को प्रोन्नत करते हैं—और हमें अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा देने और समझने में मदद करते हैं।

हम एक ऐसा कार्य स्थल के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ कोई उत्पीड़न और भेदभाव नहीं हो। हम किसी व्यक्ति के मर्यादा को मलीन करने वाले आचरण, कार्य प्रदर्शन के मामले में अनुपयुक्त और तार्किक हस्तक्षेप या धमकाने, शत्रुतापूर्ण या अन्यथा आक्रामक कार्य वातावरण को बर्दाश्त नहीं करते हैं जोकि किसी व्यक्ति के सुरक्षित स्टेटस पर आधारित हो। हम उत्पीड़न या भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाने वाले किसी व्यक्ति के खिलाफ प्रतिशोध को भी सहन नहीं करते हैं।

## वैश्विक भेदभाव एवं उत्पीड़न रोकथाम नीति

### वॉलमार्ट किसी तरह के भेदभाव या उत्पीड़न को सहन नहीं करता है जोकि व्यक्ति पर निर्भर हो:

- नस्ल
- रंग
- वंशावली
- जातीयता
- धर्म
- लिंग
- गर्भावस्था
- राष्ट्रीय मूल
- आयु
- विकलांगता
- वैवाहिक स्थिति
- बुजुर्ग स्टेटस
- सैनिक स्टेटस
- अनुवांशिक जानकारी
- यौन उन्मुखता
- लैंगिक पहचान या अभिव्यक्ति
- कोई अन्य कानूनी रूप से सुरक्षित स्टेटस

वॉलमार्ट जिस देश में संचालन करता है वहाँ के सभी नियमों का अनुपालन करता है।






## काम में सत्यनिष्ठा

- दूसरों के साथ वैसे ही व्यवहार करें जैसे वे चाहते हैं। सहयोगी, ग्राहक, सदस्य, आपूर्तिकर्ता, तथा अन्य पक्ष जो वॉलमार्ट के साथ काम करते हैं, उनके साथ न्यायोचित तथा सम्मानपूर्ण रहिए। दूसरों के साथ अंतर को सम्मान दीजिए तथा विभिन्न दृष्टिकोण सुनिए।
- सही तरीके से काम पर रखिए और पदोन्नत करें। सहयोगियों को उनकी योग्यताओं, उनके द्वारा प्रदर्शित कौशलों, उपलब्धियों तथा अन्य गुणों के आधार पर काम दीजिये, काम पर बनाए रखिए, और पदोन्नत करें।
- परेशान किए जाने को रोके। अपनी टीम के सदस्यों तथा अपने समकक्षों के साथ उचित व्यवहार संबंधी सही लहजा तथा अपेक्षाएँ निर्धारित करें। सेक्सुयल प्रकृति का शाब्दिक, दृष्टिक, या शारीरिक व्यवहार स्वीकार्य नहीं है।
- उदाहरण से नेतृत्व करें। अपने क्रियाकलापों और शब्दों में समावेशी बनिए। समझ लीजिए कि आपके क्रिया कलाप और टिप्पणियां किस प्रकार दूसरों द्वारा देखी जाएँगी या उनका कैसा ग़लत अर्थ निकाला जाएगा। अपनी टीम से स्पष्ट अपेक्षाओं का निर्धारण करें।
- उत्पीड़न व भेदभाव के प्रति क़ानूनों तथा हमारी नीतियों का अनुसरण करें। जान लीजिए कि कौन से व्यवहार परेशान किया जाना या पक्षपात माने जाते हैं तथा एक सम्मानपूर्ण एवं सबको सम्मिलित करने वाला कार्यस्थल बनाइये।
- आवाज़ उठाइए। कभी भी परेशान किए जाने को या पक्षपात को सहन मत करें। परेशान किए जाने की या पक्षपात की रिपोर्ट अपने प्रबंधक, पीपल लीड, या नैतिकता एवं अनुपालन से करें।

### परेशान करने के उदाहरण:

- अवांछित सेक्सुयल एड्वांसेज या रिमार्क्स
- संरक्षित स्थित के आधार पर कलंकित करना या अनुचित मज़ाक
- ऐसी लिखित या चित्रात्मक सामग्री का प्रदर्शन जिसमें किसी संरक्षित स्थिति के आधार पर बने समूह या व्यक्ति के संबंध में उपहास, अपमान, या शत्रुता प्रदर्शित की गई हो।
- अश्लील या सेक्सुयली उत्तेजक सामग्री का वितरण
- संरक्षित स्थिति के आधार पर या उससे संबंधित डराने वाले क्रिया कलाप, जैसे धौंस देना या धमकाना

"हम सबको एक साथ मिल कर काम करना चाहिए ताकि अपनी संस्कृति को और अधिक सम्मिलित करने वाला बना सकें, कंपनी के प्रत्येक भाग में न केवल अपने अंतरों को स्वीकार करना...बल्कि... प्रतिदिन...उन पर उत्सव मनाना।"

- डग मैकमिलन (Doug McMillon), अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO), वॉलमार्ट इंक.

**जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।**
अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।

# सही तरीके से काम करें

वॉलमार्ट में, हमारे सहयोगी हमारी सफलता की कुंजी हैं। हम लोगों को उनके काम और घंटों के लिए सटीक भुगतान करते हैं। हम मानव अधिकारों का सम्मान करते हैं तथा जहाँ भी व्यापार करते हैं वहाँ पर अल्पवय कर्मी या बेगार के उपयोग को प्रतिबंधित करते हैं। हमें विश्वास है कि जब हम एक दूसरे का और समुदायों का अच्छे से ध्यान रखेंगे, हम अपने ग्राहकों का भी अच्छी तरह ध्यान रखेंगे।




## काम में सत्यनिष्ठा

- पात्रता की पुष्टि करें। प्रबंधकों या पीपल लीड को चाहिए कि प्रत्येक नए सहयोगी, जिनमें वे सहयोगी भी शामिल हैं जो वैश्विक असाइनमेंट पर अपने स्वदेश से भिन्न देश में हों, की पहचान तथा कार्य प्राधिकरण का निरीक्षण करें, उसकी पुष्टि करें, तथा उसका दस्तावेजीकरण करें।
- मुआवजा देने पर ही काम करें। बिना वेतन के काम न करें। अन्तराल, छुट्टी के दिनों, तथा ओवरटाइम के संबंध में प्रक्रियाओं को जानें और उनका अनुसरण करें।
- भागीदार ध्यानपूर्वक चुनिए। केवल उन्हीं आपूर्तिकर्ताओं एवं वेंडर्स के साथ काम करें जिनके पास वांछित आंतरिक स्वीकृति हो। आपूर्तिकर्ताओं को, आपूर्तिकर्ताओं तथा उनके अनुबंधों संबंधी हमारे मानकों को बनाए रखना चाहिए।
- सभी श्रम, रोज़गार, तथा आव्रजन क़ानूनों और नीतियों का पालन करें। अपनी भूमिका से प्रासंगिक, सभी श्रम तथा रोज़गार नीतियों तथा प्रक्रियाओं की जानकारी रखिए।

वैश्विक श्रम एवं रोज़गार नीति
आपूर्तिकर्ताओं के लिए मानक

**जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।**
अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।




## क्या हो अगर?

अपनी शिफ्ट के बाद कार के लिए बाहर जाते समय मेरे प्रबंधक ने मुझसे कहा कि कार्ट्स एकत्र कर लेना। क्या इसकी अनुमति है?

> नहीं। अपने प्रबंधक को बता दीजिए कि आप काम बंद कर चुके हैं और काम के समय के बाद काम करके आप कंपनी की पॉलिसी का उल्लंघन नहीं करना चाहते हैं। अगर आपका प्रबंधक ज़िद करता है या आपको तकलीफ़ देता है, तब इसकी रिपोर्ट अगले स्तर के प्रबंधक, पीपल लीड, या नैतिकता एवं अनुपालन से करें।

# हमारे ग्राहकों के साथ भरोसा बढ़ाएँ



# सुरक्षित खाद्य पदार्थ और उत्पाद बेचें

हम विश्व के सबसे बड़े किराना एवं खुदरा विक्रेताओं में एक होने की अपनी ज़िम्मेदारी को गंभीरता से लेते हैं। हमारे ग्राहक अपेक्षा करते हैं कि जो खाद्य पदार्थ और उत्पाद वे हमसे ख़रीदते हैं, सुरक्षित होंगे। उनका भरोसा जीतने के लिए हमें सुरक्षित तथा कम्प्लायंट खाद्य पदार्थ सोर्स करने चाहिए, ट्रांसपोर्ट करने, और बेचने चाहिए। हमारे उच्च आंतरिक मानक हैं, और हम वही अपेक्षा अपने आपूर्तिकर्ताओं से भी करते हैं।

## काम में सत्यनिष्ठा


- उत्पाद वापसी करने तथा हटाने में शीघ्रता करें। ग्राहकों को सुरक्षित रखने के लिए, रिकॉल करने तथा हटाने की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरी करें।
- संभावित खाद्य पदार्थ तथा उत्पाद ख़तरों को रिपोर्ट करें। अगर आप किसी आइटम के सुरक्षा संबंधी मामले से अवगत हैं, तब अपने प्रबंधक को बताएँ तथा नैतिकता एवं अनुपालन से संपर्क करें।
- प्रारम्भ से अंत तक खाद्य सुरक्षा प्रदान करें। हम अपनी सम्पूर्ण सप्लाई चेन में सुरक्षा बनाए रखते हैं—आपूर्तिकर्ता या वॉलमार्ट प्रसंस्करण केंद्र से, परिवहन और भंडारण से, ऑनलाइन वितरण या स्टोर में बिक्री तक—प्रत्येक चरण में खाद्य पदार्थ सुरक्षा आवश्यक्ताओं का ध्यान रखा जाता है। आप पर जो आवश्यकताएँ लागू होती हों उनका पालन करें।
- खाद्य सुरक्षा हाई फ़ाइव का पालन करे। खाद्य पदार्थों को सुरक्षित रखने के लिए खाद्य सुरक्षा हाई फ़ाइव को जानें तथा उसका पालन करें।
- अपने आपूर्तिकर्ताओं को जानें। केवल उन्हीं आपूर्तिकर्ताओं से ख़रीदिए जो हमारे खाद्य पदार्थ तथा उत्पाद सुरक्षा आवश्यकताओं का पालन करते हैं।
- खाद्य पदार्थ और उत्पाद सुरक्षा क़ानूनों तथा हमारी नीतियों का पालन करें। अपनी भूमिका से प्रासंगिक खाद्य पदार्थ सुरक्षा तथा उत्पाद सुरक्षा प्रक्रियाओं को जानें और उनका अनुसरण करें।

### क्या हो अगर?

डेलि में, मेरी एक सहकर्मी, ब्रेक से लौटने के बाद अक्सर अपने हाथ धोना भूल जाती है। मैंने उससे इस बारे में बात की कि हाथ धोना कितना महत्वपूर्ण है, मगर तब भी वो हर बार उन्हें नहीं धो रही है। मुझे क्या करना चाहिए?

हर बार हाथ धोना ज़रूरी है और यही हमारे खाद्य पदार्थों को सुरक्षित रखने की कुंजी है। इस परिस्थिति के संबंध में अपनी प्रबंधन टीम के किसी सदस्य से चर्चा करें। अगर आपके प्रबंधन द्वारा आपकी चिंताओं का समाधान नहीं होता है, नैतिकता एवं अनुपालन से संपर्क करें।

## वैश्विक खाद्य पदार्थ सुरक्षा नीति, वैश्विक उत्पाद सुरक्षा अनुपालन नीति




### जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।

अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।

# पर्यावरण को संरक्षित करें

हम अपने समुदायों की परवाह करते हैं, और पर्यावरण संरक्षण में हम सभी को अपनी भूमिका निभानी है। जिम्मेदार ढंग से तथा पर्यावरणीय दायित्वों से सुसंगत ढंग से अपनी सुविधाओं की संरचना करने तथा अपने व्यापार के संचालन से, हमारे संसाधनों के संपोषण तथा अपने ग्रह का ध्यान रखने में सहायता मिलती है। बात केवल वही नहीं है कि हम क्या करते हैं, लेकिन हम इसे कैसे करते हैं उससे फर्क पड़ता है।



## काम में सत्यनिष्ठा

- अलग करें और रीसाइकल करें। अलग और रीसाइकल करने के अपने विपणन कार्यक्रम का पालन करके अपव्यय बचाइए।
- ख़तरनाक आइटम्स को सावधानी से हैंडल करें। ख़तरनाक आइटम्स का उचित प्रकार से परिवहन करें, संभालें और उनका निस्तारण करें। खतरनाक सामग्री और खतरनाक अपशिष्ट संबंधी नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए कॉर्पोरेट बाजार प्रोग्राम्स का पालन करें।
- पर्यावरणीय खतरों या अनावश्यक अपव्यय के संबंध में प्रबंधन को रिपोर्ट करें। अगर आप कोई पर्यावरणीय ख़तरा या संसाधनों का अपव्यय देखें, तब प्रबंधन को सावधान कर दीजिए।
- पर्यावरणीय क़ानूनों तथा हमारी नीतियों का पालन करें। अपनी भूमिका से प्रासंगिक पर्यावरणीय नीतियों और प्रक्रियाओं को जानें और उनका पालन करें।

वैश्विक पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा नीति

**जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।**
अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।

# उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्यसेवा प्रदान करें

जब हमारे ग्राहकों को आवश्यकता हो, तब हम स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्ध हैं। सेवाओं और उत्पाद को सही तरीक़े से प्रदान करने से ग्राहकों का हम पर भरोसा सुदृढ़ होता है।

## काम में सत्यनिष्ठा

- पेशेवर मानकों पर दृढ़ रहिए। अपनी भूमिका में वांछित सभी प्रोफ़ेशनल लाइसेन्स और प्रमाणपत्र संभाल कर रखिए। अपने काम को वैधानिक रूप से कर सकने की अपनी क्षमताओं के संबंध में सभी समस्याओं की रिपोर्ट अपने प्रबंधक से करें । अपने लाइसेंस और प्रमाणपत्र के अधिकार से परे पेशेवर सेवाएँ प्रदान न करें या यदि आपके आवश्यक प्रमाणन समयातीत हो गए हों या निरस्त हो गए हों।
- उच्च गुणवत्ता की देखभाल उपलब्ध कराएँ। सुरक्षित तथा जिम्मेदार तरीक़े से तथा उच्च गुणवत्ता से रोगी की देखभाल उपलब्ध कराना हमारा मिशन है। आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप जिन मरीज़ों की सेवा करते हैं, उनकी स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को समझने के लिए, उचित पेशेवर निर्णय लेंगे तथा कार्य करेंगे।
- प्रिस्क्रीप्शन दवाओं को उचित प्रकार से हैंडल तथा वितरित करेंगे। प्रिस्क्रीप्शन दवाओं को सुरक्षित ढंग से हैंडल करने, नुस्खा लिखने, तथा प्रिस्क्रीप्शन दवाओं को वितरित करने में सभी क़ानूनों, नियामक इकाई नियमों, तथा नीतियों का अनुसरण करेंगे। स्थापित चूक नियंत्रण प्रणाली के अनुसार, दुर्घटनावश या अनुचित ढंग से नुस्खा लिखने या वितरण करने की रिपोर्ट अपने प्रबंधक या नैतिकता एवं अनुपालन को इस प्रकार करेंगे कि लागू स्थानीय निजता कानूनों का पालन होता रहे।
- रोगी की गोपनीयता की रक्षा करें। रोगी की स्वास्थ्य जानकारी के अनुचित उपयोग या प्रकटीकरण को प्रतिबंधित करें। कभी भी रोगी की उस जानकारी को मत देखिए जिसकी आपकी भूमिका में आवश्यकता न हो।
- उत्पादों और सेवाओं को निष्पक्ष तथा सही-सही बिल करें। ग़लती से प्राप्त भुगतान अवश्य ही लौटा दिए जाने चाहिए, तथा बिल संबंधी सभी ग़लतियों की जांच होनी चाहिए और उनको सुलझाया जाना चाहिए। चिकित्सा सेवाओं के बिल सही और समय पर बनाए जाने चाहिए, और सेवाओं की वास्तव में चिकित्सीय आवश्यकता होनी चाहिए।
- स्वास्थ्य देखभाल क़ानूनों तथा हमारी नीतियों का पालन करें। अपनी भूमिका से सम्बद्ध प्रासंगिक स्वास्थ्य तथा कल्याण प्रक्रियाओं को जानें तथा उनका पालन करें।

वैश्विक स्वास्थ्य एवं कल्याण अनुपालन नीति




**जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।**
अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।

# हमारे व्यापार में भरोसा बढ़ाएँ



# न्यायोचित प्रतिस्पर्धा करें

हमारा विश्वास है कि स्वतंत्र तथा न्यायोचित प्रतिस्पर्धा के जरिए उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद तथा सेवाओं को उपलब्ध कराने से सफलता मिलती है। प्रतिस्पर्धा विरोधी प्रथाएँ हमारे ग्राहकों को हानि पाहुचाती हैं। न्यायोचित प्रतिस्पर्धा सुदृढ़ नवोन्मेष, कम क़ीमतों, तथा उच्चतर गुणवत्ता की ओर ले जाती है।

## काम में सत्यनिष्ठा

- अपने प्रतिस्पर्धियों से स्वतंत्र प्रतिस्पर्धा करें। मूल्य निर्धारण, लागत मूल्य, नीलामी बोली या नीतिगत योजनाओं जैसी संवेदनशील जानकारियों को प्रतिस्पर्धियों के साथ साझा न करें। प्रतिस्पर्धियों या किसी अन्य के साथ ऐसे कोई समझौते न करें जिनके कारण प्रतिस्पर्धा सीमित हो। उदाहरण के लिए, मूल्य, बिक्री की शर्तों, वर्गीकरण, मार्जिन, पदोन्नति, या उत्पादों, ग्राहकों या बाजारों का आवंटन पर सहमत मत हो।
- आपूर्तिकर्ताओं तथा दूसरे अन्य-पक्ष वालों से सही तरह से बातचीत करें। हमारे ग्राहकों को बेहतर सेवा उपलब्ध कराने के लिए वॉलमार्ट के लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करें। हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम अपने आपूर्तिकर्ताओं के ज़रिए अपने प्रतिस्पर्धियों संबंधी गोपनीय जानकारी न तो प्राप्त करने का और न ही देने का प्रयास करें। हमें अपने आपूर्तिकर्ताओं संबंधी गोपनीय जानकारी को भी अन्य आपूर्तिकर्ताओं से साझा नहीं करना चाहिए। अगर बातों में गोपनीय जानकारी या अनुचित समझौते की बात उठती है, तब बातचीत बंद कर दें। यह स्पष्ट कर दीजिए कि आप शामिल नहीं होना चाहते और घटना की रिपोर्ट कर दें।
- बाजार अनुसंधान उचित ढंग से करें। कभी भी किसी को प्रोत्साहित मत करें कि वो आपको अनुचित ढंग से गोपनीय जानकारी दें।
- सदैव ईमानदार एवं परिशुद्ध रहिए। मूल्य निर्धारण, विपणन, एवं विज्ञापन में सदैव सत्यवादी रहिए।
- उत्पादों को सही ढंग से बेचें। जानिए कि कौन से उत्पादों की बिक्री प्रतिबंधित है (जैसे कि, अल्कोहल एवं तंबाकू), एवं उन प्रतिबंधों का पालन करें।
- मार्गदर्शन मांगें। अगर आपको कभी संदेह हो कि क्या बातचीत या समझौता ठीक है, तब विधिक (Legal) से कानूनी सलाह मांगें।
- खाद्य पदार्थ और उत्पाद सुरक्षा क़ानूनों तथा हमारी नीतियों का पालन करें। अपनी भूमिका में लागू होने वाली न्यास विरोधी तथा ग्राहक संरक्षा नीतियों तथा प्रक्रियाओं को जानिए तथा उनका पालन करें।
- संदिग्ध उल्लंघनों की रिपोर्ट करें। वॉलमार्ट की किसी भी न्यासविरोधी तथा प्रतिस्पर्धा क़ानून संबंधी नीति के संदिग्ध उल्लंघन को नैतिकता एवं अनुपालन या विधिक को रिपोर्ट किया जाना चाहिए।

वैश्विक न्यासविरोधी तथा प्रतिस्पर्धा क़ानून नीति
वैश्विक ग्राहक सुरक्षा नीति

**जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।**
अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।

# कभी रिश्वत लेने या देने में संलिप्त न रहें

हम सम्पूर्ण विश्व में जहाँ कहीं भी व्यापार करते हैं वहाँ पर न्यायोचित ढंग से और सत्यनिष्ठा से प्रतिस्पर्धा करते हैं। हम कभी भी रिश्वत के ज़रिए व्यापार में लाभ प्राप्त करने की कोशिश नहीं करते हैं, और हम किसी भी रूप में रिश्वतखोरी या भ्रष्टाचार को सहन नहीं करते हैं।

## काम में सत्यनिष्ठा

- न तो रिश्वत दें और न ही लें। कुछ राष्ट्रों के क़ानून किसी सरकारी अधिकारी को रिश्वत देने तथा किसी ग़ैर सरकारी अधिकारी को रिश्वत देने के बीच अंतर करते हैं। हम इन अंतरों पर निर्भर नहीं करते हैं। हमारे लिए, बिलकुल सरल है, रिश्वतखोरी—किसी की भी, किसी भी संस्था में, किसी भी स्तर पर—ग़लत है।
- तीसरे पक्ष को रिश्वत नहीं देनी चाहिए। वॉलमार्ट की ओर से काम करने वाले किसी व्यक्ति या कंपनी को न तो रिश्वत प्रस्तावित करनी चाहिए, न देनी चाहिए, और न ही लेनी चाहिए। अगर वॉलमार्ट के लिए किसी सौदे या सेवा को पूरा करने के लिए एकमात्र तरीका रिश्वत देना ही है, तब हम यह अपेक्षा करते हैं कि तीसरा पक्ष सेवा प्रदाता उसके लिए इन्कार करें और उसकी रिपोर्ट करें। रिश्वत वो तरीक़ा नहीं है जिससे हम व्यापार करते हैं।
- भ्रष्टाचार विरोधी अनुपालन को काम पर लगाएँ। सरकार के साथ किसी प्रकार के समझौते को करने या किसी तीसरे पक्ष मध्यस्थ को रखने से पहले, भ्रष्टाचार विरोधी अनुपालन एवं लीगल से अनुमोदन ले लीजिए।
- भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों तथा हमारी नीति का पालन करें। रिश्वत तथा भ्रष्टाचार निरोधक सभी लागू क़ानूनों का पालन करने के लिए वॉलमार्ट प्रतिबद्ध है। अपने स्थानीय भ्रष्टाचार-विरोधी अनुपालन प्रक्रियाओं तथा नियंत्रणों के बारे में जानिए और उनका पालन करें। वस्तुओं के रूप में तथा धन के रूप में दिए जाने वाले दान को देने की प्रक्रिया का सम्मानपूर्वक पालन करें।
- रिश्वतखोरी या रिश्वतखोरी के प्रयास के आरोपों की वैश्विक नैतिकता एवं अनुपालन को तुरंत रिपोर्ट करें।

वैश्विक भ्रष्टाचार-विरोधी नीति

### रिश्वतखोरी क्या है?

रिश्वत होती है, किसी व्यापार को पाने या बनाए रखने के लिए, किसी क्रिया को या निर्णय को अनुचित ढंग से प्रभावित करने के लिए या कोई अन्य अनुचित लाभ प्राप्त करने के लिए धन या कोई वस्तु जिसका मूल्य हो, उसे प्राप्त करना, देने का प्रस्ताव करना, देना, देने का वादा करना, या देने के लिए प्राधिकृत करना।

रिश्वत केवल नकद तक सीमित नहीं होती। उपहार, यात्रा, भोजन, मनोरंजन, नौकरी के प्रस्ताव, और धर्मार्थ या राजनीतिक अंशदान भी रिश्वत हो सकते हैं।

रिश्वतखोरी के खतरे के संकेत

- अतिशय कमीशन भुगतान
- अत्यधिक छूट
- परामर्शी के अस्पष्ट समझौते जिनमें सेवाओं को उल्लिखित न किया हो।
- भव्य मनोरंजन या विलासिता पूर्ण उपहारों का प्रस्ताव या उनके लिए निवेदन

### तीसरा पक्ष मध्यस्थ

अन्य पक्ष मध्यस्थ वो होता है जो वॉलमार्ट के पक्ष में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से किसी सरकारी अधिकारी या सरकारी पक्ष के साथ कार्य करता है। ये अन्य पक्ष वॉलमार्ट की सम्यक तत्परता, अनुबंध, तथा निगरानी रखने की आवश्यकता से बंधे होते हैं।

### जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।

अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।


## क्या हो अगर?

पुलिस ने हमारे वितरण केन्द्रों से निकलने वाले ट्रकों को रोका है और कहा है कि यदि ड्राइवर पुलिस को $50 नहीं देंगे तो वे वितरण में विलंब करवा देंगे। मेरे प्रबंधक ने कहा कि हमें अधिकारियों को देने के लिए $50 के गिफ्ट कार्ड ले कर चलना चाहिए। क्या इसकी अनुमति है?

> नहीं। सरकारी अधिकारियों, जिनमें पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं, को प्रभावित करने के लिए हम किसी अनुचित भुगतान की अनुमति नहीं देते हैं। यह नियम, नकद भुगतान और किसी भी मूल्य वाली वस्तु, जैसे कि गिफ़्ट कार्ड पर लागू होता है। वैश्विक नैतिकता एवं और अनुपालन (Global Ethics & Compliance) को तुरंत इसकी सूचना दें।

हमारा अगला स्टोर जो खुलने वाला है उसका संचालन लाइसेन्स अभी मिलना बाकी है। इस प्रक्रिया को शीघ्रता पूर्वक निबटाने के लिए एक सरकारी अधिकारी ने निवेदन किया कि हम एक कंपनी को काम दे दें, जो “इसका ध्यान रख लेगी।” क्या इसकी अनुमति है?

> नहीं। हम सरकार के निवेदन पर किन्हीं विशिष्ट तीसरे पक्षों को काम पर नहीं रखते। हम सरकारी अधिकारी के निर्णयों को प्रभावित करने के लिए किसी भी अनुचित भुगतान या कार्रवाई की अनुमति नहीं देते हैं। यह नियम हमारी ओर से काम करने वाली किसी भी कंपनी पर भी लागू होता है। वैश्विक नैतिकता एवं और अनुपालन (Global Ethics & Compliance) को तुरंत इसकी सूचना दें।



# सटीक रिकॉर्ड रखें

ईमानदार और सटीक वित्तीय रिकॉर्ड रखने से हमारे ब्रांड में विश्वास पैदा होता है, हमारी रणनीति की जानकारी देता है, और हमारे कामकाज को कुशलता से चलाने में मदद करता है। हम सभी इस जिम्मेदारी को साझा करते हैं।

## वित्तीय रिकॉर्ड के उदाहरण

- वेतनचिट्ठा के रिकार्ड
- चालान
- खर्च का विवरण
- बिक्री या वस्तुसूची का डेटा
- U.S. सिक्यूरिटी और एक्सचेंज कमीशन को प्रस्तुत फाइलिंग्स

"आपकी या हमारी कंपनी की व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा से बड़ा कोई व्यावसायिक परिणाम नहीं है। हम शॉर्टकट लेने के बजाय खराब वित्तीय परिणाम पाना पसंद करेंगे।"

- डग मैकमिलन (Doug McMillon), अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO), वॉलमार्ट इंक.

## काम में सत्यनिष्ठा

- **किसी रिकॉर्ड या अकाउंट को कभी भी झूठा न कहें।** सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनी के रूप में, वॉलमार्ट के कुछ क़ानूनी दायित्व हैं कि हम हमारे रिकॉर्ड को स्पष्ट, सटीक, सामयिक और संपूर्ण रखें। किसी भी व्यवसायिक लेनदेन को कभी भी न छिपाएँ, न बदलें और न ही सच्चाई छिपाने के लिए उसका रूप बदलें।
- **रिकॉर्ड बनाते और उन्हें संभालकर रखते समय सभी आंतरिक प्रक्रियाओं और नियंत्रणों का पालन करें।** चाहे आप खुलासे या वित्तीय रिपोर्ट तैयार करने के लिए सीधे तौर पर ज़िम्मेदार न हों, परंतु आप आपके द्वारा तैयार किए गए व्यावसायिक रिकॉर्ड में सटीक जानकारी देने के लिए ज़िम्मेदार हैं। कंपनी की प्रक्रियाओं के अनुसार उचित ढंग से जानकारी रिकॉर्ड करें—जिसमें अनुमोदन, लागत, बिक्री, व्यय रिपोर्ट और समय के रिकॉर्ड शामिल हैं।
- **रिकॉर्ड प्रबंधन की आवश्यकताओं को पूरा करें।** स्थानीय रिकॉर्ड प्रबंधन और रिकॉर्ड धारण नीतियों का पालन करें।
- **झूठे वित्तीय रिकॉर्ड के आरोपों की या सटीक वित्तीय रिपोर्टिंग पर हमारे आंतरिक नियंत्रण के साथ हस्तक्षेप की सीधे वैश्विक नैतिकता एवं अनुपालन को तुरंत रिपोर्ट करें**

## क्या हो अगर?

एक सहकर्मी ने मुझे बताया कि वह हमारी वित्तीय जानकारी को इस तरह प्रस्तुत करती है कि "अच्छे महीने" हमारे "बुरे महीनों" में मदद कर सकते हैं। क्या इससे कोई समस्या है?

हाँ। इस तरह से हमारे खातों को बदलना बेईमानी है। इससे उस व्यक्ति और वॉलमार्ट के लिए गंभीर परिणाम हो सकते हैं। वैश्विक नैतिकता एवं और अनुपालन (Global Ethics & Compliance) को तुरंत इसकी सूचना दें।

## जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।

अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।

# अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों का पालन करें

हमारे व्यवसाय में दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय सीमाओं के पार भी उत्पादों, सेवाओं, सूचनाओं और प्रौद्योगिकी की आवाजाही शामिल है। हम उत्पादों और अन्य वस्तुओं की सही तरीके से सोर्सिंग, तथा आयात और निर्यात के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार गतिविधियों का सही तरीके से संचालन करना हमारे व्यवसाय में लोगों का विश्वास अर्जित करने और उसे बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे हम दुनिया भर में अपने ग्राहकों को सपोर्ट करने के लिए आवश्यक इन वस्तुओं का परिवहन कर सकते हैं।

## काम में सत्यनिष्ठा

- सटीक जानकारी दें। वर्गीकरण, मूल्यांकन, मूल देश और अन्य लागू नियामक एजेंसी डेटा.प्रदान करते समय सावधानी रखें।
- व्यापार अनुपालन कानूनों और हमारी नीतियों का पालन करें। अगर आपूर्ति श्रृंखला के आपके काम में अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार सामान भेजना शामिल है, तो उन देशों के कानूनों को जानें और उनका पालन करें जहाँ आप व्यापार करते हैं। इस बात को समझें कि कई देशों के कानून लागू हो सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं के पार माल की आवाजाही में मदद का कार्य किसी तीसरे पक्ष को सौंपने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि इस तरह के तीसरे पक्ष के पास सभी आवश्यक आंतरिक स्वीकृतियां हैं (उदाहरण के लिए, वॉलमार्ट भ्रष्टाचार-रोधी अनुपालन।
- प्रतिबंधों से संबंधित कानून और हमारी नीतियों का पालन कीजिए। किसी देश से सोर्सिंग करने से पहले, पुष्टि करें कि ऐसा करना लागू कानून के तहत अनुमति प्राप्त है। कई सरकारें उन देशों और लोगों की सूची रखती हैं जिनके साथ कंपनियां व्यापार नहीं कर सकती हैं। लागू स्थानीय कानूनों के अधीन, उन कंपनियों या लोगों के साथ व्यापार का संचालन न करें अगर वॉलमार्ट को ऐसा करने से रोक दिया जाएगा।
- मार्गदर्शन मांगें। अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन पर बातचीत करने से पहले, किसी भी व्यवसाय के प्रभावों पर चर्चा करने के लिए नैतिकता एवं अनुपालन, या विधिक से संपर्क करें।

वैश्विक व्यापार अनुपालन नीति **(Global Trade Compliance Policy)**
वैश्विक प्रतिबंध नीति **(Global Sanctions Policy)**

**जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।**
अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।



# धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) और उपभोक्ताओं के साथ धोखाधड़ी को रोकें

वॉलमार्ट दुनिया भर में वित्तीय उत्पाद और सेवाएँ प्रदान करता है, जिसमें मनी ट्रांसफर, मनी ऑर्डर, चेक कैशिंग, बिल पे, गिफ्ट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और बीमा शामिल हैं। अधिकांश ग्राहक अच्छे इरादे से लेन-देन करते हैं, लेकिन कुछ अपराधी हमारी सेवाओं का उपयोग धन शोधन या ग्राहकों को पीड़ित करने के लिए करते हैं। धन शोधन और उपभोक्ता धोखाधड़ी को रोकना हमारे ग्राहकों और कंपनी की सुरक्षा करता है और गंभीर अपराधों को रोक सकता है।

## काम में सत्यनिष्ठा

- अपने ग्राहक को जानें। वित्तीय उत्पादों और सेवाओं के लिए कभी-कभी हमें ग्राहकों की अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने की आवश्यकता होती है। जब लागू हो ग्राहक की जानकारी की समीक्षा करें और उसे सही ढंग से ग्रहण करें।
- संदिग्ध व्यवहार की रिपोर्ट करें। अगर कोई लेनदेन या ग्राहक संदिग्ध लगता है या ग्राहक संभावित धोखाधड़ी का शिकार हो सकता है, तो लेनदेन को संभालने और संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करने के लिए स्थानीय प्रक्रियाओं का पालन करें।
- वॉलमार्ट धन शोधन रोधक और उपभोक्ता धोखाधड़ी नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करें। ये ग्राहकों की सुरक्षा के लिए डिज़ाइन किए गए हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि जहाँ हम काम करते हैं वहाँ रिपोर्टिंग और अन्य कानूनी दायित्वों का पालन करते हैं।

### वैश्विक धन शोधन रोधन एवं वित्तीय सेवाओं संबंधी नीति

### धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) क्या है?

धन शोधन के द्वारा अपराध की आय का रूप वैध वित्तीय प्रणाली के माध्यम से बदल दिया जाता है। यह विभिन्न आपराधिक गतिविधियों से जुड़ा हुआ है, जिसमें आतंकवाद, ड्रग डीलिंग और धोखाधड़ी शामिल है।

धन शोधन के खतरे के संकेत

अगर आपको के खतरे के संकेत दिखाई दें, तो लेनदेन से निपटने के लिए स्थानीय प्रक्रियाओं का पालन करें और जहाँ लागू हो, संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करें।

- कोई व्यक्ति जो अपूर्ण, गलत, या संदेहास्पद जानकारी प्रदान करता है, सवालों के जवाब देने से इंकार कर देता है, या अपनी पहचान नहीं देता है
- इस तरह से खरीदारी करना जिससे कुछ आवश्यक्ताओं को पूरा करने से बचा जा सके, जैसे कि उस राशि के नीचे कई छोटे लेनदेन करना जो सरकार को रिपोर्ट करना होती है
- बहुत से मनी ऑर्डर या बड़ी मात्रा में नकद का उपयोग करके भुगतान
- प्रीपेड उत्पादों की बड़ी खरीद, जैसे गिफ्ट कार्ड
- किसी अज्ञात व्यक्ति के लिए उपहार कार्ड खरीदना, जैसे कर विभाग या कानून प्रवर्तन जैसी सरकारी इकाई के लिए




## क्या हो अगर?

यह एक विशेष रूप से व्यस्त दिन है, और मेरे पास प्रतीक्षा करने वाले ग्राहकों की एक लम्बी पंक्ति है। लाइन के सामने वाली ग्राहक एक ऐसे व्यक्ति को धन हस्तांतरण करना चाहती है जिसे वह नहीं जानती है, और मुझे लगता है कि यह धोखाधड़ी वाला मामला हो सकता है। मुझे क्या करना चाहिए?

अगर आपको धन शोधन या धोखाधड़ी के घोटाले का संदेह है, तो अपने देश में संदिग्ध और धोखाधड़ी गतिविधि की रिपोर्ट करने के लिए जो उचित प्रक्रियाएँ हैं उनका पालन करें। अगर आपके देश में कानूनी रूप से इसकी अनुमति है, तो लेनदेन को पूरा न करें और इसकी रिपोर्ट करें। हालांकि इसमें अतिरिक्त समय लग सकता है और उन ग्राहकों को असुविधा हो सकती है जो प्रतीक्षा कर रहे हैं, परंतु आप धोखाधड़ी या अन्य आपराधिक गतिविधि को रोक सकते हैं।

## जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।

अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।

# डेटा और तकनीक का सम्मानपूर्वक और नैतिकतापूर्वक उपयोग करें

जब हमारे ग्राहक, सहयोगी, और व्यावसायिक भागीदार हमारे साथ डेटा और जानकारी साझा करते हैं, तो हम इसे और तकनीक को नैतिकता पूर्वक उपयोग करने के महत्व को समझते हैं—वैसे ही जैसे वे हमसे अपेक्षा करते हैं। हम उन लोगों के भरोसे को बनाए रखेंगे और बढ़ाएँगे, इसके लिए हम तकनीक का सम्मानपूर्वक उपयोग करेंगे, व्यक्तियों की गोपनीयता का सम्मान करेंगे और उनके डेटा की रक्षा करेंगे जो हम पर भरोसा करते हैं।

## काम में सत्यनिष्ठा

- उस भरोसे का सम्मान करें, जो लोग और व्यवसाय और हम पर रखते हैं। जब प्रौद्योगिकी और व्यक्तिगत या व्यावसायिक जानकारी के साथ काम करते हैं, तो इस तरह से करें कि यह दिखाई दे कि आप व्यक्ति और हमारे व्यवसाय के लिए इसके महत्व को समझते हैं और इसका सम्मान करते हैं।
- इस बारे में स्पष्ट रहें कि कौनसी जानकारी एकत्र की जा रही है और क्यों। जब हम लोगों से जानकारी एकत्र करते हैं, तो यह स्पष्ट करें कि जानकारी एकत्र की जा रही है, और उस व्यक्ति को बताएँ कि आपको इसकी आवश्यकता क्यों है।
- लोगों को बताएँ कि आप प्रौद्योगिकी का उपयोग कैसे कर रहे हैं और आपके द्वारा एकत्रित जानकारी के साथ आप क्या करने जा रहे हैं। किसी की जानकारी का उपयोग कैसे किया जाएगा, इसके बारे में ईमानदार, पारदर्शी और बिलकुल स्पष्ट रहें। केवल उन तरीकों से इसका उपयोग करें, जिससे हम किसी अप्रत्याशित, अस्पष्ट या अवांछित उपयोग से लोगों को आश्चर्यचकित नहीं करें।
- इस बारे में विचार करें कि आप कितना डेटा एकत्र करते हैं और आप इसे कितने समय तक रखते हैं। हम अपने ग्राहकों के लिए खरीदारी के अनुभव को बेहतर बनाने और अपने व्यावसायिक कार्यों को सपोर्ट करने के लिए जानकारी एकत्र करते हैं। हम जो भी एकत्र करते हैं, उसे हमें संग्रहित और संरक्षित करना चाहिए, इसलिए इसे एकत्र करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि आपको इसकी आवश्यकता है। एकत्रित जानकारी के धारण और निपटान के लिए अपनी स्थानीय रिकॉर्ड प्रबंधन नीति का पालन करें।
- जानकारी को सुरक्षित रखें। अनधिकृत एक्सेस या अवैध रूप से किसी के हाथों में जाने से व्यक्तिगत और व्यावसायिक जानकारी को सुरक्षित रखें। अपने स्थानीय डेटा इंसिडेंट रिपोर्टिंग चैनल के माध्यम से किसी भी ज्ञात या संदिग्ध अनधिकृत एक्सेस या प्रकटन की तुरंत रिपोर्ट करें।
- डेटा सुरक्षा और गोपनीयता कानूनों और हमारी नीतियों का पालन करें। हमारी डेटा नीतियों, प्रक्रियाओं, और नियंत्रणों को जानें जो आपकी भूमिका पर लागू होते हैं और डेटा को संभालते समय उनका पालन करें।
- मार्गदर्शन मांगें। अगर आपके पास डेटा को संभालने के बारे में प्रश्न हैं या इस बारे में कि आपकी परियोजना पर कौन से कानून और नीतियां लागू होती हैं, तो डिजिटल सिटीजनशिप, गोपनीयता या विधिक से संपर्क करें।

वैश्विक गोपनीयता अनुपालन एवं रिकॉर्ड नीति
डेटा संबंधित घटनाओं की रिपोर्टिंग के लिए वैश्विक नीति

## क्या हो अगर?

**मैंने गलती से ग्राहक की जानकारी वाला एक ईमेल गलत व्यक्ति को भेज दिया। मुझे क्या करना चाहिए?**

ऐसी घटनाएँ जहाँ ग्राहक या व्यक्तिगत जानकारी किसी अनधिकृत व्यक्ति को भेजी जाती है, उसे तुरंत आपके स्थानीय डेटा इंसिडेंट रिपोर्टिंग चैनल के माध्यम से रिपोर्ट किया जाना चाहिए।

**मैं व्यक्तिगत जानकारी को प्रोसेस करने के लिए बाहरी सेवा प्रदाताओं का उपयोग करना चाहता/चाहती हूँ। मुझे क्या कदम उठाना चाहिए?**

तीसरे पक्षों का आकलन किया जाना चाहिए, और अनुबंध तैयार होना चाहिए। अनुबंधों और समुचित सावधानी समीक्षाओं के लिए सभी स्थानीय प्रक्रियाओं का पालन करें।

## जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।

अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।

# जिम्मेदारी से सोर्सिंग करें

हम उन लोगों के अधिकारों का सम्मान करते हैं जो हमारे द्वारा बेचे जाने वाले उत्पादों को बनाते हैं। हमारा मानना है कि उनके पास कार्य करने के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण होना चाहिए, और हम अपनी आपूर्ति श्रृंखला में अल्पवय कर्मी या बेगार के उपयोग को प्रतिबंधित करते हैं।

## काम में सत्यनिष्ठा

- हमारे मानकों को जानें। आपूर्तिकर्ताओं के लिए हमारे मानक हमारी सप्लाई चेन में अपेक्षाएँ निर्धारित करते हैं। हमारे सहयोगियों और आपूर्तिकर्ताओं को इन मानकों को जानना और उनका पालन करना चाहिए।
- जिम्मेदार आपूर्तिकर्ताओं का चयन करें। केवल उन आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करें जो हमारे जिम्मेदारी पूर्ण सोर्सिंग अनुपालन कार्यक्रम की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं और जो कानूनी, इस उद्योग के और वॉलमार्ट के मानकों को पूरा करने वाले खाद्य और उत्पादों के उत्पादन के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- आपूर्तिकर्ताओं को जवाबदेह ठहराएँ। आपूर्तिकर्ताओं को कारखानों के बारे में जानकारी का खुलासा करना चाहिए, जैसा वॉलमार्ट द्वारा चाहा गया है, और समय पर ऑडिट पूर्ण करना और प्रस्तुत करना चाहिए, एवं ऑडिट में दर्शाई गई सारी कमियों को और अधूरी आवश्यक्ताओं को पूर्ण करने के लिए उनके संस्थानों में काम करना चाहिए।
- हमारी जिम्मेदारी पूर्ण सोर्सिंग नीति का पालन करें। उन जिम्मेदार सोर्सिंग प्रक्रियाओं को जानें जो आपकी भूमिका पर लागू होती हैं और उनका पालन करें।
- आवाज़ उठाइए। अगर आपको संदेह है कि आपूर्तिकर्ता या कारखाना आपूर्तिकर्ता के लिए निर्धारित हमारे मानकों को पूरा नहीं कर रहा है, तो नैतिकता एवं अनुपालन से संपर्क करें।

### क्या हो अगर?

हाल ही में एक कारखाने के दौरे पर, मैंने देखा कि कुछ श्रमिक भयभीत दिखाई दे रहे थे, लेकिन आपूर्तिकर्ता ने कहा कि सब कुछ ठीक है। मुझे क्या करना चाहिए?

> अगर आपको संदेह है कि श्रमिकों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो इसकी नैतिकता एवं अनुपालन से रिपोर्ट करें। वे संस्था की जांच करेंगे और आपूर्तिकर्ता के विरुद्ध जो कार्रवाई आवश्यक हो वह करेंगे।

"हम साझा मूल्य की अवधारणा में विश्वास करते हैं, जहाँ वॉलमार्ट न केवल अपने ग्राहकों, सहयोगियों और शेयरधारकों के लाभ के लिए कार्य करता है, बल्कि सभी हितधारकों, जिनमें आपूर्तिकर्ता, समुदाय और सामान्य रूप से समाज भी शामिल हैं, उनके लिए भी। हमारे लिए नैतिकतापूर्वक और सही तरीके से काम करना महत्वपूर्ण है।"

- डग मैकमिलन (Doug McMillon),
अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO),
वॉलमार्ट इंक.

वैश्विक जिम्मेदार सोर्सिंग अनुपालन नीति **(Global Responsible Sourcing Compliance Policy)**
वैश्विक बेगारी रोकथाम नीति **(Global Forced Labor Prevention Policy)**
आपूर्तिकर्ताओं के लिए मानक

**जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।**
अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।



# हमारी संपत्ति की रक्षा करें

वॉलमार्ट की संपत्ति का ख्याल रखने से हमें हर दिन कम लागत हासिल करने में मदद मिलती है। कंप्यूटर, माल, उपकरण, फर्नीचर, वाहन, और कार्यालय की आपूर्ति सहित वॉलमार्ट की संपत्ति—इसलिए प्रदान की जाती है ताकि आप अपना काम कर सकें और वॉलमार्ट एक व्यवसाय के रूप में सफल हो सके। हमपर वॉलमार्ट की संपत्ति का सही इस्तेमाल करने और इसे नुकसान, चोरी, दुरुपयोग, क्षति या बर्बादी से बचाने के लिए भरोसा किया जाता है।

## काम में सत्यनिष्ठा

- अच्छे प्रबंधक बनें। हमारे संसाधनों और निधियों का समझदारी से उपयोग हर दिन हमें कम लागत पाने में सक्षम बनाता है।
- वॉलमार्ट कोष को सुरक्षित रखें। धन का उपयोग उसके निर्धारित उद्देश्य के लिए ही करें। कोई भी व्यय करने से पहले सभी आवश्यक अनुमोदन प्राप्त करें।
- बौद्धिक संपदा की रक्षा करें। स्थानीय कानून द्वारा अनुमत सीमा तक, जो कुछ भी आप अपनी नौकरी के दौरान सृजित करते हैं—जिसमें आविष्कार, खोज, विचार, कलाकृति, और अन्य प्रक्रिया सुधार शामिल हैं—वह वॉलमार्ट की संपत्ति है और जब आप कंपनी छोड़ते हैं तब भी वॉलमार्ट की संपत्ति बनी रहती है।
- दुरुपयोग की रिपोर्ट करें। अगर आप वॉलमार्ट की संपत्ति के दुरुपयोग के बारे में जानते हैं, तो अपने प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसकी सूचना दें।

### क्या हो अगर?

एक ग्राहक ने एक क्षतिग्रस्त वस्तु लौटा दी, और मुझे पता है कि हम इसे नहीं बेच सकते। क्या मैं इसे घर ले जा सकता/सकती हूँ?

नहीं, चाहे माल क्षतिग्रस्त हो या पुराना हो, तब भी यह वॉलमार्ट की संपत्ति है। आइटम को स्थापित रिटर्न प्रक्रिया के माध्यम से उचित रूप से अकाउंट करें।

### जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।

अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।



# अंदरूनी जानकारी का दुरुपयोग न करें

आपको हमारे व्यवसाय के बारे में ऐसी महत्वपूर्ण जानकारी पता हो सकती है जो सार्वजनिक नहीं की गई है। अंदरूनी जानकारी वॉलमार्ट या हमारे व्यापार भागीदार के स्टॉक मूल्य को प्रभावित कर सकती है। केवल सार्वजनिक और कानूनी रूप से उपलब्ध जानकारी के आधार पर व्यापार करके, हम ईमानदारी और निष्पक्षता जिसके लिए वॉलमार्ट की प्रतिष्ठा है, उसे बनाए रखते हैं।

## काम में सत्यनिष्ठा

- अंदरूनी जानकारी पर व्यापार न करें। क्योंकि वॉलमार्ट U.S. में एक सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनी है, हम सभी को U.S. सिक्योरिटीज़ कानूनों का पालन करना चाहिए, जिसमें भेदिया व्यापार (इनसाइडर ट्रेडिंग) पर प्रतिबंध शामिल हैं। अगर आपके पास वॉलमार्ट या हमारे व्यापारिक भागीदारों के बारे में कुछ महत्वपूर्ण या संवेदनशील जानकारी है जो जनता को ज्ञात नहीं है, तो वॉलमार्ट या उन अन्य कंपनियों में शेयर खरीदना या बेचना अवैध है। अंदरूनी जानकारी के उदाहरणों में वित्तीय परिणाम, मूल्य निर्धारण या विपणन रणनीति में बदलाव, महत्वपूर्ण मुकदमे या अनुबंध, प्रबंधन में प्रमुख बदलाव और भविष्य की बिक्री और कमाई के अनुमान शामिल हैं। अगर आप अनिश्चित हैं कि कौनसी जानकारी अंदरूनी जानकारी है, तो सलाह के लिए लीगल से संपर्क करें।
- अपने तक रखें। केवल उन सहयोगियों के साथ अंदरूनी जानकारी को साझा करें जिन्हें अपनी नौकरी करने के लिए इसकी आवश्यकता है।
- अंदरूनी टिप्स साझा न करें। वॉलमार्ट के अंदरूनी जानकारी, बाहर परिवार के सदस्यों या दोस्तों के साथ भी साझा न करें। जब अंदरूनी जानकारी के बारे में चर्चा कर रहे हों तो अपने आसपास के लोगों से सावधान रहें कि कोई सुन न ले।

भेदिया व्यापार (इनसाइडर ट्रेडिंग) नीति

### क्या हो अगर?

मुझे एक अद्भुत नए उत्पाद के बारे में पता है जिसे हमारे आपूर्तिकर्ताओं में से एक लॉन्च करने वाला है। खबर सार्वजनिक नहीं है। क्या मैं किसी दोस्त को उस कंपनी में स्टॉक खरीदने की सलाह दे सकता/सकती हूँ, अगर मैं इसका कारण नहीं बताता/बताती हूँ?

नहीं। भले ही आप अनुशंसा के लिए कोई कारण नहीं देते हैं, फिर भी अगर आप अंदरूनी जानकारी के आधार पर अनुशंसा करते हैं तो आप कानून का उल्लंघन कर रहे हैं। अगर आप अनिश्चित हैं कि ट्रेडिंग की अनुमति है या नहीं, तो विधिक से संपर्क करें।

### जब संदेह में हों—दूसरों से बात करें।

अगर आपके पास कोई प्रश्न है या आपको कोई चिंता है, तो आपके प्रबंधक, पीपल लीड या नैतिकता एवं अनुपालन को इसके बारे में जानकारी दें।

सत्यनिष्ठा है भरोसे का आधार
हमारी आचार संहिता

Walmart

# वैश्विक नैतिकता हेल्पलाइन नंबर

अर्जेंटीना 0800-888-0124
बांग्लादेश 000800-031016
बोत्सवाना 00269-800-7861-036
ब्राजील 0-800-761-1943
कंबोडिया 1800-20-8963
कनाडा 800-963-8442
कनाडा (फ्रेंच) 800-805-9121
चिली 800-550707
चीन 400-120-4020
कोलंबिया 01800-913-7496
कोस्टा रिका 0800-542-5443
डोमिनिकन गणराज्य 1-888-751-8878
इक्वाडोर 1-800-000-884
मिस्र 0800-000-9471
अल साल्वाडोर 800-6126
फ्लिपकार्ट (चीन) 400-120-0384
फ्लिपकार्ट (भारत) 1800-102-1482 और 800-050-1482
फ्लिपकार्ट (इज़राइल) 1-809-467272
फ्लिपकार्ट (सिंगापुर) 800-492-2426
फ्लिपकार्ट (US/कनाडा) 1-800-564-4163
फ्रांस 0800-903277
घाना 030 708 4830
ग्वाटेमाला 1 800 8350377
होंडुरास 800 222 00141
हांगकांग 800-930-587
भारत 000-800-040-1503
इंडोनेशिया 007-803-321-8281
इज़राइल 1-809-477-259
जापान 0120-692-344
जॉर्डन 0800-22319
केन्या 0800 221 9008
लेसोथो 800 62000
मलावी 0800-026-9000
मलेशिया 1-800-817-362
मेक्सिको 800 963 8422
मोरक्को +212-5204-85021
मोजाम्बिक 824001
Myntra (भारत) 1800-102-1482
नामीबिया 800000077
नीदरलैंड 0-800-024-9759
निकारागुआ (TF) 001-800-220-1967
निकारागुआ (स्थानीय) 505 2248 2275
नाइजीरिया 0708 060 1109
पाकिस्तान 00800-90-033-041
पनामा 800-0413
पेरू 0800-78378
फोनपे (भारत) 1800-102-1482
सिंगापुर 800-130-1529
दक्षिण अफ्रीका 0800 203 246
स्पेन 900 876 292
स्वाज़ीलैंड 8001333
तंजानिया 0800 78 0006
थाईलैंड 001-800-13-203-9969
तुर्की 00-800-113-6848
युगांडा 0800 113224
यूनाइटेड किंगडम 0800 051 8266
संयुक्त अरब अमीरात 8000-3201-39
संयुक्त राज्य अमेरिका 800-963-8442
वियतनाम 120-32-518 और 122-80-160
जाम्बिया 8877

*नोट: नंबर परिवर्तित हो सकते हैं

# प्रश्न या चिंताएँ

अपने प्रबंधक, अगले स्तर के प्रबंधक, पीपल लीड (People Lead), नैतिकता एवं अनुपालन (Ethics & Compliance), या विधिक (Legal) से बात करें।

www.walmartethics.com    ethics@walmart.com

अमेरिका, कनाडा और प्यूर्टो रिको में **800-963-8442 (1-800-WM-ETHIC)** पर, या आपके स्थानीय फोन नंबर पर। नैतिकता हेल्पलाइन दिन में 24 घंटे, सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध है और अधिकांश क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है।

**Walmart Inc.**
Attention: Global Ethics & Compliance, 702 SW 8th Street, Bentonville, AR 72716-0860